श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 75, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार, 20 अक्टूबर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, क्या सुबह पांच बजे निकाला जा सकता है जुलूस



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से पूछा कि क्या नांदेड़ गुरुद्वारा को सुबह पांच बजे सीमित लोगों के साथ दशहरा का जुलूस निकालने की अनुमति दी जा सकती है। साथ ही अदालत ने गुरुद्वारा प्रबंध समिति को मंजूरी के लिए मंगलवार तक महाराष्ट्र के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के पास भी जाने को कहा है। जस्टिस एल नागेश्वर राव, जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस अजय रस्तोगी की पीठ ने कहा कि जमीनी हकीकत के आधार पर ही कोई फैसला किया जा सकता है। अगर समिति को एसडीएमए का फैसला मंजूर न हो तो वह बांबे हाई कोर्ट जा सकती है। महाराष्ट्र सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि राज्य और नांदेड़ में कोरोना के हालात को देखते हुए दशहरा जुलूस को मंजूरी देना उचित नहीं होगा। अगर ऐसा हुआ तो दूसरे संगठन भी धार्मिक आयोजन की अनुमति मांगेंगे। सुनवाई के दौरान समिति ने नियमों के तहत सीमित संख्या में जुलूस निकालने की बात कही। इस पर पीठ ने पूछा कि अगर जुलूस के दौरान भीड़ बढ़ जाए तो कौन उसे रोकेगा। केंद्र की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुझाव दिया कि प्रबंध समिति से सीमित संख्या में सुबह सात से नौ बजे के बीच जुलूस निकालने को कहा जा सकता है। इस पर पीठ ने कहा कि क्या जगन्नाथ पुरी की तरह यहां एक से दो घंटे के लिए कर्फ्यू लगाया जा सकता है। क्या सुबह चार से पांच बजे के बीच जुलूस नहीं निकाला जा सकता।

## एक सप्ताह में तीन लाख आवेदनों पर बांटें ऋण : सीएम

**सीएम योगी ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, जन आरोग्य योजना की समीक्षा की**



**लखनऊ, जेएनएन।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के आवेदन स्वीकृत करने में देश में अव्वल उत्तर प्रदेश में अब इस रफ्तार को और बढ़ाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि एक सप्ताह में पांच लाख आवेदन स्वीकृत हों और कम से कम तीन लाख आवेदनों पर ऋण वितरित भी कर दिया जाए। इसके लिए सभी जिले और नगर निकायों के लक्ष्य तय करने के लिए कहा है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना और धान क्रय केंद्रों के संचालन की समीक्षा की। उन्होंने जिलाधिकारियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के आवेदनों की संख्या, स्वीकृत आवेदनों की संख्या और स्वीकृत आवेदनों पर ऋण वितरण की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में प्राप्त आवेदनों की संख्या 5.57 लाख, स्वीकृत आवेदनों की संख्या 2.83 लाख है। यह देश में सर्वाधिक है। स्वीकृत आवेदनों पर वितरित ऋण की संख्या 99000 है, जो देश में दूसरे स्थान पर है। अब मिशन मोड में काम करते हुए अगले एक सप्ताह में पांच लाख से अधिक आवेदन पत्रों को स्वीकृत कराकर उनके सापेक्ष कम से कम तीन लाख आवेदनों पर ऋण वितरण कराएं। इसके लिए जिलाधिकारी डिस्ट्रिक्ट लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न बैंकों के मुख्य महाप्रबंधकों और महाप्रबंधकों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि हर जिले और नगर निकाय के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जाए। बैंक भी हर ब्रांच लक्ष्य सौंपें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 651 नगर निकाय हैं। 27 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योजना के लाभार्थियों से संवाद करेंगे। यह संवाद कार्यक्रम सभी नगर निकायों में आयोजित किया जाए। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा और मुख्य सचिव आरके तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। एक नवंबर तक हर गांव में पहुंच जाए आयुष्मान भारत योजना : प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस योजना में भी उत्तरप्रदेश अग्रणी है। अभियान चलाकर आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के गोल्डन कार्ड बनाए और बांटे जाएं। एक नवंबर, 2020 को प्रदेश का प्रत्येक गांव प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से संतृप्त हो जाए। जिलाधिकारी योजना की साप्ताहिक समीक्षा करें।

पीलीभीत की तरह चलें हर जिले के धान क्रय केंद्र : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धान क्रय केंद्रों के संचालन की भी समीक्षा की। कहा कि प्रस्तावित सभी 4000 केंद्र चलने चाहिए। जिलाधिकारी आवश्यकतानुसार अतिरिक्त केंद्र शुरू कर सकते हैं। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अनुरूप ही धान का मूल्य मिले। किसान को परेशानी होने या आर्थिक कदाचार की शिकायत पर जिलाधिकारी की जवाबदेही तय होगी। योगी ने पीलीभीत के केंद्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पीलीभीत की तरह ही सभी जिलों में व्यवस्था करें।

## मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा- कोरोना महामारी के प्रोटोकॉल पर निर्भर करेगी अगले साल हज यात्रा

**देश के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी**



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** कोरोना महामारी के दौर में कई तरह की समस्याओं का लोगों को सामना करना पड़ा है। इसमें लोगों के रोजाना धार्मिक अभ्यासों में भी काफी परिवर्तन किया है। दुनियाभर में अब धीरे-धीरे धार्मिक स्थलों को खोला जा रहा है। ऐसे में लोगों के मन में हज यात्रा को लेकर भी सवाल है कि क्या अगले साल हज यात्रा हो पाएगी ? इस सवाल का जवाब दिया है देश के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा है कि अगले साल 2021 में हज यात्रा कोरोना महामारी के प्रोटोकॉल पर निर्भर करेगी। नकवी ने यहां एक हज समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अगले साल हज यात्रा जून-जुलाई के लिए निर्धारित है और हज कमेटी ऑफ इंडिया के साथ-साथ अन्य भारतीय एजेंसियां ?औपचारिक रूप से आवेदन प्रक्रिया और अन्य संबंधित तैयारियों की घोषणा करेंगी जब कोई निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हज 2021 के बारे में अंतिम निर्णय उचित समय पर लिया जाएगा ताकि लोगों के स्वास्थ्य और भलाई को सुनिश्चित करने के लिए कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर सऊदी अरब और भारत की सरकारों द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा सके। नकवी ने कहा कि पूरी हज प्रक्रिया दिशा-निर्देशों के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण बदलाव का गवाह बन सकती है, जिसमें भारत और सऊदी अरब दोनों में आवास, परिवहन, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि महामारी के मद्देनजर तीर्थयात्रियों का स्वास्थ्य और कल्याण सरकार के लिए अत्यंत प्राथमिकता है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भारतीय एजेंसियां ? इस संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने साथ ही कहा कि हज समिति ने तीर्थयात्रियों के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि भारत में हज प्रक्रिया के 100 फीसदी डिजिटलीकरण होने की वजह से कोरोना के कारण हज 2020 के रद होने के बाद 1,23,000 लोगों को 2,100 करोड़ रुपये बिना किसी कटौती के प्रत्यक्ष बैंक हस्तांतरण (डीबीटी) मोड के माध्यम से वापस कर दिए गए हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक बाढ़ प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति जताते हुए दिया आश्वासन



**बेंगुलरु, एएनआइ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मैसूर यूनिवर्सिटी के 100वें दीक्षांत समारोह में कर्नाटक बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सहानुभूति व्यक्त की है। अपनें संबोधन में उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार राहत प्रदान करने के लिए प्रयास कर रही है। अपने संबोधन में उन्होंने कि देश इस वक्त कोरोना प्रतबिंध लगा हुआ है,लेकन फेस्टिवल के चलते लोगों का उत्साह बना हुआ है। ऐसे में भारी बारिश के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 'मैं सभी बाढ़ प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की है। केंद्र और राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद करने लिए हरसंभव प्रयास कर रही है'। बता दें कि पिछले हफ्ते कर्नाटक में भारी बारिश के चलते कई जिलों में प्रभावित किया था। कर्नाटक आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के कर्मियों द्वारा बुरी तरह से मारे गए कलबुर्गी में 15,078 सहित कुल 20,269 लोगों को अब तक निकाला गया है।

उधर, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कई हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। मूसलाधार बारिश ने जन-जीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया है। सड़कों और निचले इलाकों में पानी भर गया है। पिछले दिनों भारी बारिश के कारण हुए हादसों में 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। बिगड़ती स्थिति को देखते हुए तेलंगाना सरकार ने सभी निजी संस्थानों/कार्यालयों/गैर-आवश्यक सेवाओं के लिए वर्क फ्रॉम होम एडवाइजरी जारी की थी। इसके साथ ही लोगों को तब तक घर में रहने की सलाह दी गई थी।

इसके साथ ही महाराष्ट्र में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। मौसम विभाग के तरफ से लगातार अलर्ट जारी किया जा रहा है।

## अपील दाखिल करने में सरकारी अधिकारियों की देरी पर SC नाराज, समय की बर्बादी के लिए लगाया दंड

**न्यायमूर्ति एसके कौल की अध्यक्षता वाली पीठ का फैसला**

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी अधिकारियों द्वारा अपील दायर करने में अकारण देरी पर नाराजगी प्रकट की है और कहा है कि उन्हें न्यायिक समय की बबार्दी के लिए भुगतान करना होगा। इस तरह की लागत जिम्मेदार अधिकारियों से वसूली जा सकती है। न्यायमूर्ति एसके कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत सरकारों के लिए बिना योजना के चले आने की जगह नहीं हो सकती है।

हमने यह मुद्दा उठाया है कि यदि सरकारी मशीनरी समय पर अपील/याचिका दायर करने में अक्षम है, तो इसका समाधान यह हो सकता है कि हम विधानमंडल से समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध करें। पीठ ने मध्य प्रदेश द्वारा अपील दायर करने में 663 दिनों की देरी पर कहा कि जब तक इस तरह का कानून नहीं बन जाता, तब तक मौजूदा कानून के तहत अपील की जानी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने एक वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी की याचिका खारिज करने के उत्तराखंड हाई कोर्ट के अंतरिम आदेश में दखल देने से इन्कार कर दिया है। न्यायिक अधिकारी ने अपनी याचिका में अपने खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने वाले अधिकारी को बदलने की मांग की थी।

जस्टिस एल नागेश्वर राव, हेमंत गुप्ता और अजय रस्तोगी की पीठ ने याचिकाकर्ता अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की याचिका खारिज करते हुए कहा कि वे अपने खिलाफ जांच पूरी होने के बाद भी पक्षपात का मामला उठा सकते हैं। पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश में दखल देने का हमारा कोई विचार नहीं है। इस संबंध में दायर विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है। यदि कोई आवेदन लंबित है, तो उसका भी इसी तरह निपटारा किया जाता है।

## मुख्यमंत्री के पूर्व सचिव एम. शिवशंकर ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की



**तिरुवनंतपुरम, एएनआइ।** सोना तस्करी मामले में केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के पूर्व प्रमुख सचिव एम. शिवशंकर ने जमानत याचिका हाई कोर्ट में दायर की है। बता दें कि केरल हाई कोर्ट में कस्टम विभाग द्वारा यह केस रजिस्टर करने से पहले उन्होंने यह याचिका दायर की है। केरल हाई कोर्ट ने आज इस पर विचार किया।

सोना तस्करी मामले जांच का सामना कर रहे शिवशंकर को पिछले दिनों बेचैनी की शिकायत होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हे हार्ट संबधी बीमारी के चलते आइसीयू में भर्ती कराया गया था। अधिकारियों द्वारा सीमा शुल्क विभाग के वाहन से उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। गौरतलब है कि शिवशंकर को कोच्चि में ईडी ने कुछ दस्तावेजों के साथ पेश होने के निर्देश दिए थे।

सोना तस्करी मामले जांच का सामना कर रहे शिवशंकर को पिछले दिनों बेचैनी की शिकायत होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हे हार्ट संबधी बीमारी के चलते आइसीयू में भर्ती कराया गया था। अधिकारियों द्वारा सीमा शुल्क विभाग के वाहन से उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। गौरतलब है कि शिवशंकर को कोच्चि में ईडी ने कुछ दस्तावेजों के साथ पेश होने के निर्देश दिए थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय को दिए बयान में कहा था कि संयुक्त अरब अमीरात के महावाणिज्य दूतावास के बीच संपर्क में कराने में था। साथ ही उन्होंने कहा कि मामले में आरोपित स्वप्ना सुरेश ने यूएई से त्रिवेंद्रम भेजी गई कुछ वस्तुओं की मंजूरी दिलाने पर उनके पास फोन आया था, लेकिन उन्होंने इसके लिए मना कर दिया। शिवशंकर का यह बयना ईडी ने विशेष कोर्ट में दाखिल कर दिया है।

बता दें कि सोना तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केरल हाईकोर्ट ने एम शिवशंकर की गिरफ्तारी पर 23 अक्तूबर तक रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने इस मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से निलंबित आईएएस अधिकारी की अंतरिम जमानत याचिका पर जवाब भी मांगा है। गौरतलब है कि कोर्ट ने ईडी को 23 अक्तूबर तक शिवशंकर की गिरफ्तारी पर पाबंदी लगा दी थी। हाईप्रोफाइल सोना तस्करी मामले में अलग-अलग एंगल से ईडी, कस्टम विभाग, और सीबीआई जांच कर रहे हैं। मामले में ईडी शिवशंकर से कई बार पूछताछ भी कर चुका है। गौरतलब है कि कस्टम विभाग ने 5 जुलाई को तिरुअनंतपुरम एयरपोर्ट पर 30 किलो सोना पकड़ा था, जो राजनयिक चैनल के जरिये संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत पहुंचा था।

## भारत में जल्द शुरू होगा पहली इंट्रानेजल कोरोना वैक्सीन का ट्रायल, भारत बायोटेक-सीरम इंस्टीट्यूट को जिम्मा




**नई दिल्ली, रायटर।** देश में कोरोना वायरस महामारी का कहर अब धीरे-धीरे कम हो रहा है। इस बीच कोरोना वैक्सीन को लेकर देश में कई तरह की खबरें आ रही है। अगले साल तक देश में कोरोना का टीका आने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा है कि देश में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और भारत बायोटेक आने वाले महीनों में इंट्रानैजल कोरोना वैक्सीन का आखिरी ट्रायल शुरू करेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि फिलहाल भारत में एक भी इंट्रानैजल (नासिका संबंधी टीका) कोरोना वैक्सीन का ट्रायल नहीं चल रहा है लेकिन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया या भारत बायोटेक के आने वाले महीनों में मंजूरी के बाद ऐसे टीकों के क्लीनिकल ट्रायल किए जाने की संभावना है।

स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा कि अंतिम चरण के परीक्षण में आमतौर पर हजारों प्रतिभागी शामिल होते हैं। कभी-कभी 30,000 से 40,000 लोग भी होते है। उन्होंने बताया कि फिलहाल देश में किसी भी नासिका संबंधी टीके का परीक्षण नहीं चल रहा है। यह वैक्सीन सीधा इंजेक्शन के जरिए ना देकर नाक के जरिए लोगों को दी जा जाती है।

इससे पहले भारत में रूसी कोरोना वैक्सीन के क्लीनिकल ट्रायल को मंजूरी दे दी गई। भारतीय दवा महानियंत्रक ([डीसीजीआइ)] ने कोरोना वायरस के खिलाफ रूस की वैक्सीन स्पुतनिक--5 के दूसरे और तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल के लिए मंजूरी दे दी है। हैदराबाद स्थिति दवा कंपनी डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ([डीआरएल)] ने शनिवार को यह जानकारी दी। डीआरएल और रूस के सरकारी फंड के बीच भारत में इस वैक्सीन के ट्रायल और वितरण को लेकर करार हुआ है।

वैज्ञानिकों ने सर्दी के मौसम में कोरोना संक्रमण बढ़ने का अंदेशा जताया है। उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में कोरोना वायरस फैलने का एक बड़ा कारण संक्रमित छोटे आकार के एरोसॉल कणों (हवा में मौजूद ठोस या वाष्प कण) के संपर्क में आना है। जबकि सर्दी में संक्रमण फैलने का मुख्य कारण सांस छोड़ने, खांसने या छींकने के दौरान मुंह और नाक से निकली बूंदों के सीधे संपर्क में आना हो सकता है।

## हाई कोर्ट से सरकार ने कहा- कम मेरिट वालों के चयन पर NIC से मांगा है जवाब

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में 69000 सहायक अध्यापक भर्ती में 31,661 पदों पर भर्ती के मामले में एनआइसी से जवाब मांगा जा रहा है कि आखिर कम मेरिट के अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिलने का आरोप क्यों लग रहा है? इलाहाबाद हाई कोर्ट में इस मामले में चल रही सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट को बताया कि एनआइसी ने ही 67867 अनंतिम सूची से शीर्ष कोर्ट के निर्देश पर 31661 पदों के सापेक्ष नई सूची जारी की है।

संजय कुमार यादव व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति अजीत कुमार ने महाधिवक्ता से पूछा कि शिक्षक भर्ती में अधिक मेरिट वालों की अनदेखी करके कम मेरिट वालों का चयन किया गया है? इस पर महाधिवक्ता ने कहा कि 69000 शिक्षक भर्ती में ओएमआर शीट के मूल्यांकन से लेकर अनंतिम चयन सूची तक मैनुअल नहीं बनी है। शीर्ष कोर्ट के आदेश पर 31661 पदों पर चयन करने में भी एनआइसी ने साफ्टवेयर के जरिये अनंतिम सूची तैयार की है। इसमें 67867 की सूची से ही अभ्यर्थी चयनित हुए हैं, जब जून माह में 67 हजार अभ्यर्थियों की सूची जारी हुई थी, तब कोई विवाद नहीं था। उसी से यह रिजल्ट बना है तो इसमें कम मेरिट पर चयन कैसे हुआ, इस पर एनआइसी से जवाब मांग रहे हैं।

महाधिवक्ता ने यह भी कहा कि यदि कोई गड़बड़ी मिलती है तो कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि एनआइसी से रिपोर्ट आने में दो हफ्ते का समय लगेगा। याची पक्ष से अधिवक्ता अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी, अनिल सिंह बिसेन आदि का कहना था कि नियुक्ति पत्र देने के लिए जारी की गई सूची में बहुत से ऐसे मामले हैं जिनमें कम गुणांक वालों को नियुक्ति पत्र दे दिया गया है, जबकि अधिक गुणांक पाने वाले चयन से बाहर हैं। इससे पूर्व कोर्ट ने राज्य सरकार से इस विसंगति के बारे में जवाब मांगा था। उक्त मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में 69000 शिक्षक भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया शुरू हुई है। इन पदों के सापेक्ष जून माह में 67867 अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची जारी हुई थी, लेकिन काउंसिलिंग के पहले दिन ही हाई कोर्ट ने चयन पर रोक लगा दी थी। प्रदेश सरकार ने शीर्ष कोर्ट के 21 मई के आदेश पर 31661 पदों पर शिक्षक चयन को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। शासन ने आदेश दिया कि चयनितों की नई सूची जून माह में जारी अनंतिम सूची से ही बनाई जाए। बेसिक शिक्षा परिषद ने 31277 पदों पर अभ्यर्थियों का अनंतिम रूप से चयन करके सभी जिलों में भेजा। दो दिन काउंसिलिंग के बाद शुक्रवार को सभी चयनितों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

## संक्षेप समाचार

### अज्ञात वाहन के टक्कर से वाइक सवार की मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के भीरपुर पुलिस रिपोटिग चौकी बैरियर मोड़ मीरजापुर हाइवे मार्ग पर देर शाम वाइक सवार को एक अज्ञात वाहन ने जोर दार टक्कर मार दी जिससे वाइक सवार की मौके पर मौत हो गई । जानकारी के मुताबिक करछना थाना क्षेत्र के डीहा उपरहार निवासी मानसिंह 27वर्ष पुत्र राजेन्द्र यादव सिंह अपनी मोटरसाइकिल से घर जा रहाथा डीहा उपरहार जैसे वह मीरजापुर हाइवे मार्ग पर से वैरियर मोड़ उसकी गाड़ी पहुंची उसी दरम्यान सामने से आ रही तेज गति चार पहिया वाहन ने वाइक में जोर दार टक्कर मार दी, जिससे वाइक सवार की मौके पर मौत हो गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया, घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को मिलने पर घर में कोहराम मच गया ।

# बोलेरो की टक्कर से मां और बेटी की मौत मासूम लड़ रहा जिंदगी से जंग

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मौलवी का पूरा पिलखुआं निवासनीय एक महिला अपनी पुत्री तथा दुधमुंहे बच्चे को लेकर सडक पार कर रही थी तभी सरपताही नहर फोर लेन पर अज्ञात बोलोरो कुचलते हुए प्रतापगढ़ की ओर भाग गयी। मौके पर मां और बेटी की मौत हो गई । दोनों के शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि दुधमुंहे बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसे एस आर एन में भर्ती किया गया है। सूचना पर रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। तथा परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार मऊअआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मौलवी का पूरा पिलखुआं निवासनीय नीतू देवी 24 वर्ष पत्नी राजेश कुमार अपनी पुत्री मानसी देवी 4 वर्ष तथा दुधमुंहे बच्चे डेढ माह को लेकर मयके शीतलपुर कमलानगर गयी थी। बताते हैं कि कई दिनों के बाद सोमवार को तीन बजे के करीब वह विक्रम से ससुराल के लिए चली। बताया गया है कि जैसे नीतू देवी बच्चों को लेकर सरपताही नहर निरंकारी भवन प्रयागराज एंव प्रतापगढ़ हाई वे पर विक्रम से उतर कर सडक पार करने लगी तभी तीव्र गति से प्रयागराज की ओर से आ रही अज्ञात बोलोरो नीतू देवी 24 और उसकी 4 वर्ष की बच्ची मानसी को कुचलते हुए प्रतापगढ़ की ओर भाग गयी। आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। देखा कि नीतू देवी 24 वर्ष पत्नी राजेश कुमार तथा उसकी चार वर्षीय पुत्री मानसी देवी की मौत हो चुकी है, जबकि डेढ माह के मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल है। सूचना पर पुलिस और परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने मां और बेटी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। तथा डेढ माह के मासूम को एसआरएन में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



मऊआइमा सीएचसी में शवों को अपने कब्जे में लेती पुलिस




## सीएम ने ऑनलाइन सार्वजनिक रूप से किया शौचालयों का लोकार्पण

**करछना।** सोमवार को विकास खण्ड करछना के अंतर्गत गांवो मे बनाये गये नव निर्मित पंचायत भवन,सामुदायिक शौंचालयो व आवासो का मुख्यमंत्री ने आनलाइन लोकार्पण किया।इस दौरान कबरा रवनिका ग्राम पंचायत मे नव निर्मित पचायत भवन व सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण किया और प्रधान लव कुश मौर्य से मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ सिंह बात की और गाव का हालचाल जाना।इसी प्रकार ब्लाक परिसर मे भी ब्लाक प्रमुख की मौजूदगी मे सीएम ने कार्यक्रम के दौरान लोकार्पण किया गया,मौके पर ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहे।

### क्षेत्र में एडी माध्यमिक व जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

**जसरा।** जसरा क्षेत्र के इंटर कॉलेजों को शासनादेश के तहत सोमवार से खोल दिए गए । कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के कारण साढे तीन माह बाद चाक चौबंद सुरक्षा के तहत अपने से संबंधित सुरक्षात्मक उपायों की जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने औचक निरीक्षण किया। सोमवार को जसरा के तीसरे दिन छेदीलाल इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका विद्यालय, ग्रीन फील्ड एकेडमी विद्यालयों का निरीक्षण जिला विद्यालय निरीक्षक आर०एन० विश्वकर्मा ने किया उन्होंने बताया कि स्कूलों में छात्र व छात्राओं की लगभग 30% उपस्थिति रही । उन्होंने बताया कि स्कूलों में पर्याप्त रूप से कोविड-19 से संबंधित सुरक्षात्मक उपाय किए गए हैं। कुछ अभिभावकों से की गई वार्ता में जानकारी मिली की अभिभावक अपने बच्चों को भेजने के लिए उत्साहित हैं। अभिभावक भी कोविड-19 के सुरक्षात्मक उपायों को देखने के लिए विद्यालय भी गए तथा बताया कि विद्यालयों में कोविड-19 के सुरक्षात्मक उपाय पर्याप्त रूप से किए गए हैं तथा आगामी दिवसों में अपने बच्चों को विद्यालय भेजने हेतु सहमति भी जताई।



फरियादियों की फरियाद सुनते थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह

## शासन की मंशानुसार फरियादियों को न्याय दिलाना ही लक्ष्य : सुरेश सिंह

**नवाबगंज।** थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने सोमवार को थाना परिसर में बैठ कर थाने आये फरियादियों की बात सुनी तथा उनके द्वारा दिये गए सभी प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही करते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया तथा कुछ पर संबंधित हल्का दरोगा व बीट के सिपाहियों को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मीडिया से बात करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि शासन की मंशानुरूप हर फरियादी को न्याय दिलाना ही मेरा लक्ष्य है,थाने आने वाले किसी भी पीड़ित को यहां से मायूस होकर न जाना पड़े।उन्होंने कहा कि लोग थाने आकर सीधे मुझसे संपर्क करें । इस अवसर पर उप निरीक्षक मुनेंद्र सिंह, उप निरीक्षक राम कुमार, उप निरीक्षक शोहराब खान,व महिला आरक्षी मंजीत रोखरन मौजूद रहीं।

### भड़ेवरा ग्राम स्थित ग्राम देवी मां काली देवी शक्तिपीठ पर पूजन अर्चन के लिए उमड़ी भीड़

**करछना।** नव दिवसीय शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन सोमवार को स्थानीय प्राचीन ग्राम देवी शक्तिपीठों पर पूजन अर्चन करने के लिए मां भक्तों की भीड़ जुटी रही। लोगों की ओर से देवी मंदिरों में नारियल चुनरी समेत फूल माला के अलावा धूप दीप नैवेद्य के साथ विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। क्षेत्र के भडेवरा गांव स्थित ग्राम देवी मां काली शक्तिपीठ पर जय मां काली समिति भडेवरा की ओर से सोमवार को आचार्य पंडित प्राणनाथ शुक्ल की मौजूदगी में पूजा सहित आरती की गई । वही संयोजक की ओर से माँ काली का भव्य रुप से श्रृंगार किया गया था। जो कि लोगों को आकर्षित कर रही थी। वही कलाकारों की ओर से भजन कीर्तन .प्रति दिन भी होरहा हैं। इसके साथ ही साथ मां भक्त महिलाओं की ओर से रात्रिकालीन में सुमांगलिक देवी गीतों की प्रस्तुतियां भी हो रही हैं। समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव व व्यवस्थापक धीरेंद्र यादव ने बताया कि आचार्य पंडित प्राणनाथ शुक्ल की ओर से प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती के पाठ का पारायण भी किया जा रहा है ।

# वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन का हुआ लोकार्पण

**शंकरगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ग्राम स्वराज अभियान/ वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) व मनरेगा के अंतर्गत बने सामुदायिक शौचालयों व पंचायत भवन का लोकार्पण किया। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर की ग्राम पंचायतों में बन चुके सामुदायिक शौचालयों व पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया और शेष ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन बनाने के लिए शिलान्यास किया गया । जिसमें विकास खण्ड शंकरगढ़ के 70 सामुदायिक शौचालयों का भी लोकापर्ण किया गया तथा 24 पंचायत भवन व 6 सामुदायिक शौचालय का शिलान्यास किया गया। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ओम प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि विकास खण्ड मुख्यालय शंकरगढ़ पर माननीय मुख्यमंत्री जी के वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालयों का लोकार्पण/ शिलान्यास का लाइव लैपटॉप पर दिखाया गया । इस मौके पर ब्लाक प्रमुख शंकरगढ़ भारत सिंह पटेल के अलावा क्षेत्र के ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव मौजूद रहे ।



मुख्यमंत्री द्वारा किया गया सामुदायिक शौंचालय व पंचायत भवन का लोकार्पण

# अवैध रूप से संचालित दारू फैक्ट्री का उतरांव पुलिस ने किया भंडाफोड़

**उतरांव।** उतरांव पुलिस व आबकारी टीम द्वारा उत्तराव क्षेत्र के दम गड़ा गांव में अवैध रूप से संचालित दारू फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर हड़कंप मचा दिया। मुखबिर की सूचना पर उतरांव थानाध्यक्ष चंद्र भूषण मौर्य अपनी पुलिस टीम के साथ व आबकारी टीम सक्रियता दिखाते हुए दम गड़ा गांव पहुंच कर चल रही अवैध शराब की फैक्ट्री से 6 गैलन में 240 लीटर स्प्रिट व स्प्रिट से बनी अपमिश्रित शराब 52 सीसी, एक 20 लीटर की टंकी में भरी अपमिश्रित शराब 22 सौ खाली सीसी, खाली ढक्कन 2250, रैपर 2300, क्यूआर कोड 1476, एक पैकिंग मशीन, एक प्लास्टिक पाइप, निर्माण बिक्री में प्रयुक्त होने वाले अन्य सामग्री व एक डस्टर कार बरामद कर अभियुक्त शिव कुमार जयसवाल उर्फ विक्की जयसवाल निवासी दम गड़ा थाना उतरांव को गिरफ्तार कर लिया। वही मौका का फायदा उठाकर एक अभियुक्त राजू भारती पुत्र पन्ना लाल निवासी दम गड़ा भागने में सफल रहा।उतरांव पुलिस ने आबकारी अधिनियम व अन्य संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त का चालान कर दिया। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से थानाध्यक्ष चंद्रभूषण मौर्य, एसआई सुरेंद्र प्रताप सिंह, एसआई राजेश कुमार,कांस्टेबल सुधीर सिंह, पवन सिंह,आबकारी निरीक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह व सत्येंद्र नाथ ने बहुत ही सक्रियता के साथ अवैध रूप से संचालित दारू फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर एक अभियुक्त को जेल की हवा खिला दी।



छापेमारी के दौरान बरामद अवैध शराब

### वीरकाजी में विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आज

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के वीरकाजी गांव में आज विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जनसंघर्ष समिति वीरकाजी के तत्वावधान में आयोजित इस कबड्डी प्रतियोगिता में नामी गिरामी टीमें भाग लेंगी। समिति के अध्यक्ष दुर्विजय भारतीय,मदन बिन्द व कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार सरोज ने बताया की विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। समिति के संरक्षक अशफाक अहमद ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव वकार अहमद सिद्दीकी के कर कमलों द्वारा होगा।

### जसरा रामलीला में लगा कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का ग्रहण, आयोजक मायूस

**जसरा।** जसरा बाजार में चल रहे सैकड़ों साल पुराने रामलीला को कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के तहत बनाए गए कड़े नियम कानून के अंतर्गत रामलीला संचालकों ने इस वर्ष रामलीला की औपचारिकता मुकुट पूजन करके पहले ही दिन रामलीला का समापन कराने का निर्णय कर लिया है। जसरा बाजार में सैकड़ों वर्षों से चल रही रामलीला का सैकड़ों साल पुराना इतिहास है। बताया जाता है कि सौ साल पहले जब जसरा की बस्ती बसी, उस समय यहां पर बीकर गांव से आकर बुदई राम केसरवानी ने जसरा में पैंसठ बीघा जमीन खरीद कर वह जसरा के निवासी बन गये। उन्होंने जसरा जैसे उस समय के गांव में रामलीला का मंचन शुरू कर दिया गया था। जिसमें उस समय रामलीला में प्रकाश करने के लिए मसाल के रोशनी के साए में पूरी रात रामलीला का मंचन किया जाता था । दूरदराज से आने वाले ग्रामीण लोग रामलीला खत्म होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम रास्ता ना होने के कारण रामलीला के समापन के बाद पंडाल में ही सो जाया करते थे। सैकड़ों साल पूर्व से चल रहा रामलीला अभी तक विराम की स्थिति में नहीं आई थी। रामलीला कमेटी से जुड़े पदाधिकारियों से वार्ता करने पर उन लोगों ने बताया कि रामलीला कमेटियों द्वारा अक्टूबर के मध्य में बैठक करके उप जिलाधिकारी बारा के यहां कोविड-19 नियमावली के तहत रामलीला कराए जाने का अनुमति मांगा। किन्तु उच्च अधिकारियों के अनुपस्थिति के चलते कुछ दिन प्रार्थना पत्र तहसील में ही रखा रहा। उसके बाद उसे संबंधित थानों में आख्या के लिए भेज दिया गया। किंतु कोविड-19 के तहत बनाए गए नियम इतने कड़े होने पर रामलीला कमेटी के आयोजकों ने रामलीला को इस वर्ष के लिए स्थगित करना ही श्रेयस्कर समझा।

जिसके चलते आज सैकड़ों साल से चली आ रही रामलीला का होने वाला भव्य मंचन से क्षेत्रीय भक्तगण दूर ही रह गये। जिस रामलीला को देखने के लिए श्रद्धा भाव से अपने गांव से कई किलोमीटर दूर का सफर तय करके राम का दर्शन करने रामलीला पंडाल पहुंचा करते थे, वहीं कोरोना जैसी वैश्विक महामारी ने क्षेत्र में होने वाले रामलीला से ग्रामीणों को अलग थलग कर दिया है।

## सड़क पार करते समय कार से भिड़ी बाइक दंपति सहित चार घायल



अस्पताल में इलाज के दौरान घायल

**घूरपुर।** घूरपुर थाना के पास हाईवे पर सड़क पार करते समय कार से तेज रफ्तार जा रहा बाइक सवार भिड़ गया। जिसमें सवार दंपति व दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और कार को हिरासत में ले लिया। मध्य प्रदेश के चाकघाट के अमिलकोनी गांव निवासी हरिशचंद्र निषाद (45)पुत्र हीरा लाल सोमवार की सुबह अपनी पत्नी शीला (40)व बेटा अतुल (7)बेटी अंतिका (5) को बाइक पर बैठाकर संगम स्नान को जा रहा था कि जैसे ही वह घूरपुर थाना के समीप पहुंचा की हाईवे की क्रासिंग से सड़क पार कर रही कार से उसकी बाइक भिड़ गई जिससे उसकी बाइक हवा में उछल गिर गई जिस बाइक पर सवार चारो गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पुलिस पहुंच चारों घायलो को इलाज के लिए सीएचसी जसरा भर्ती कराया।और चालक सहित कार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

### करछना एसडीएम तहसील का काम शुरू करे या कुर्सी छोड़े दें : जितेन्द्र तिवारी

**करछना।** तहसील की एसडीएम आकांक्षा राणा और अधिवक्ताओं के बीच विगत कई महीनों से कार्यो को लेकर तना तनी चली आ रही है । वर्तमान में कयी दिनों से करछना बार एसोसिएशन एसडीएम के कार्य शैली और काम-काज को लेकर जंग जारी रहते अधिवक्ताओं की अनिश्चित हड़ताल जारी जारी है । जिलाध्यक्ष युवा कॉंग्रेस जितेन्द्र तिवारी ने एक बैठक के दौरान कहा कि एसडीएम महोदया मार्च मे कोविड 19 के बाद से अब तक कोर्ट मे नही बैठी, लोगों के काम बडे पैमाने पर पेंडिग हैं, जनता के दाखिल खारिज और जरूरी काम नहीं हो पा रहे, जनता मिलने जाए तो मुलाकात नहीं हो पाती, और प्रार्थना पात्र कूड़े के डिब्बे की तरह रखा दिए जाते हैं। अधिवक्ता इस तरह से परेशान होकर पिछले 3 दिन से आन्दोलन कर रहे, लेकिन भाजपा से जुड़े सांसद, विधायक इस समस्या की ओर कोई तवज्जों नहीं दी जिसको लेकर कांग्रेसी युवा जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर करछना तहसील की समस्या को अवगत कराएंगे।

# बेटी के शादी की तैयारियों से पहले चोरों ने लगाई सेंध

**करछना।** थाना क्षेत्र के भस्मा गांव में बीतीं रात अज्ञात चोरों ने घर में चल रही बेटी की शादी समारोह की तैयारियों में सेंध लगा कर एक पिता के अरमानो पर पानी फेर दिया । करछना क्षेत्र के गांवो में एक सप्ताह के भीतर यह तीसरी बार चोरी की घटनाओं को चोरों ने अंजाम देकर पुलिस के लिए चुनौती से कम नहीं है । चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने के कारण चोरी की घटनाओं इजाफा हो रहा है। इसी क्रम रविवार रात करछना थाना क्षेत्र के भस्मा गांव निवासी कृष्ण चन्द पटेल जो खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण एवम् परिवार की खुशियाँ किसानी और मेहनत मजदूरी करके पूरा किया करते थे ।उनकी बिटियाँ बड़ी हो गई है जिसकी शादी के लिए वर खोज कर शादी की तैयारियों में जुटे थे । उन्होंने बेटी की शादी के लिए अपना खेत का एक टुकड़ा बेंच कर बेटी की शादी की तैयारियों में लगे थें । नवरात्रि में बेटी की सगाई की रस्म अदायगी के लिए तैयारियां चल रही थी कि रविवार रात अज्ञात चोरों की नजर लग गई, परिवार के सभी लोग शाम खाना खाकर अपने-अपने कमरे सोने चले गए, उसी दरम्यान मध्यरात्रि अज्ञात चोरों का एक गिरोह उनके कच्चे मकान की दीवार में सेंध लगा कर पूरा घर खगाल ले गएँ । घर में रक्खा बाक्स, अलमारी से नगदी समेत जेवरात आदि लगभग ढाई लाख रुपये तक की चोट पहुंचाते हुए चोर आसानी से अंजाम दे डाला, सुबह परिजनों की आख खुलीं घर अंदर का नजारा देख दंग रह गएँ। सूचना इलाकाई पुलिस प्रशासन को दी गई जो मौका मुआयना कर लौट आयी, पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने को लेकर थाने में तहरीर दी है।



चोरों द्वारा की गई सेंधमारी

# मुख्यमंत्री ने उरुवा ब्लाक में सामुदायिक शौचालयों का किया वर्चुअल उद्घाटन

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत सोमवार को वीडियो कांन्फ्रेन्सिंग (वर्चुअल) द्वारा उरुवा विकास खंड के 28 पंचायत भवन और 60 सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण किया। उक्त मौके पर बीडीओ सीपी श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत रमाकांत पांडे, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश पटेल, आदित्य पौडवाल पंचायत मंत्री, धनंजय यादव, भानु चंद्र केसरी, सविता यादव, राकेश कुमार, सुजीत यादव, ग्राम प्रधान दिनेश मिश्रा, अमितेश मिश्रा, अनिश मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधि रजनीकांत शुक्ला सहित ब्लॉक उरुवा के अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।



वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े लोग

# श्रम विभाग में पंजीकृत 866 महिला लाभार्थियों को हितलाभ प्रमाणपत्र वितरित

## महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं : सांसद

**प्रयागराज।** हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी की मंशा है कि देश से गरीबी दूर हो एवं हर नागरिक अच्छा एवं स्वस्थ जीवन बिता सके। जो आज साकार हो रहा है। सरकार ने महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं बनायी है, इससे हमारी सरकार में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री की मंशानुरूप समाज के अन्तिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

उक्त विचार फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने सोमवार को मोतीलाल नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान, तेलियरगंज में मिशन शक्ति के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हित लाभ वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिन जगहों पर रजिस्टेज्शन कम हो पाये है वहां अधिकारीगण कैम्प लगाए, जिससे कार्य में प्रगति लायी जा सके। कहा कि वैश्विक महामारी के दौरान वापस आए प्रवासी मजदूरों के रोजगार के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है और मनरेगा एवं ग्राम पंचायत के और कार्यों से उनको जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा बेटियों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें, बेटियां शिक्षित होंगी तो वे अपने घर एवं समाज का विकास करेंगी।

अध्यक्षता करते हुए महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कहा बेटियों को शिक्षित करें ताकि वे आत्मनिर्भर हो सके। सर्वप्रथम घर से ही बेटियों का सम्मान शुरू होना चाहिए। क्योंकि घर से सम्मान शुरू करेंगे तभी बेटियां समाज में सम्मान पा सकेंगी। उन्होंने मातृ शक्ति का आवाहन करते हुए कहा बेटियों के सम्मान की लड़ाई हम स्वयं लड़ें। सदियों से महिलाओं को समाज ने मुख्य धारा में आने से रोका। परंतु आज की महिला पूर्व से पश्चिम तक व आकाश से पाताल तक अपनी पहुंच क्षमता व योग्यता से समाज एवं मानवता के लिए अभूतपूर्व कार्य कर रही है। सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में वे अपनी उपस्थिति अत्यंत



कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करतीं महापौर अभिलाषा गुप्ता




महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित करती सांसद

मजबूती से कायम कर रही है।

जिला पंचायत अध्यक्षा रेखा सिंह ने कहा आप सभी लोग अधिक से अधिक पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठायें। पंजीकरण निःशुल्क है, इसके लिए आपसे किसी प्रकार की कोई धनराशि नहीं ली जायेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजना ब्लाक स्तर पर कैम्प लगाकर आयोजित की जाये, तभी इसका लाभ घर-घर तक पहुंच सकेगा। विधायक कोरांव राजमणि कोल ने कहा वर्तमान सरकार गांव के लोगो एवं कठिन परिश्रम करके परिवार चलाने वालों का विशेष ध्यान दे रही है। इसके लिए विभिन्न योजनाएं सरकार द्वारा चलायी जा रही है। उन्होंने सरकारी पदाधिकारियों से कहा कि कैम्प लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाये। जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप वास्तविक लाभाथिंयों तक लाभ को पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि मैंने महामारी काल के दौरान कैम्प लगवाकर लगभग 200 लोगो का पंजीकरण करवाया। सभी स्वावलम्बी बने, इसके लिए हमारी सरकार हर क्षेत्र में कार्य कर रही है।

इस अवसर पर सांसद केशरी देवी पटेल ने श्रम विभाग में पंजीकृत महिला श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत 866 लाभार्थियों को कुल रुपए 1,89,06,914 का हित लाभ प्रमाण पत्र वितरित किया। इसमें पुत्री विवाह योजना के अन्तर्गत 47 लाभार्थी, मृत्यु एवं विकलांगता सहायता योजना के अन्तर्गत 11 लाभार्थी, मातृत्व एवं शिशु हितलाभ योजना के अन्तर्गत 225 लाभार्थी, बालिका मदद योजना के अन्तर्गत 13 लाभार्थी, आवास सहायता योजना के अन्तर्गत 05 लाभार्थी एवं चिकित्सा सहायता योजना के अन्तर्गत 551 लाभाथिंयों को प्रमाणपत्र वितरित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार, सहायक श्रमायुक्त लालाराम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# टीमों ने विद्यालयों का निरीक्षण कर जताया सन्तोष

**प्रयागराज।** शासन के निर्देश पर सोमवार से माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य हेतु पुनः खोले जाने एवं कोविड-19 के सभी प्रोटोकाल का अनुपालन किये जाने हेतु समस्त बोर्डों के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों का जनपद स्तरीय टीमों द्वारा निरीक्षण कर संतोष जताया है। यमुनापार क्षेत्र में शासन द्वारा नामित जनपद प्रयागराज के नोडल अधिकारी अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. महेन्द्र देव द्वारा प्रथम पाली में आर्य कन्या इण्टर कालेज, रणजीत पंडित इण्टर कालेज नैनी, सरस्वती बाल मंदिर इण्टर कालेज चकदाउद नगर नैनी, बाल विकास इण्टर कालेज चकराना, अभिनव विद्यालय दांदूपुर चाका, राजकीय बालिका इण्टर कालेज जसरा एवं द्वितीय पाली में जगत तारन इण्टर कालेज, सेंट एन्थोनी गर्ल्स इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज व राजकीय इण्टर कालेज आदि का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार सह जिला विद्यालय निरीक्षकों की दो टीमें गंगापार क्षेत्र के किसान इण्टर कालेज सरपतीपुर, ठाकुर राम प्रताप बालिका इण्टर कालेज हनुमानगंज, केशव शिक्षा सदन इण्टर कालेज सैदाबाद, सरदार भगत सिंह इण्टर कालेज सैदाबाद, राजकीय बालिका इण्टर कालेज सैदाबाद, जनता इण्टर कालेज उल्दा आदि का निरीक्षण किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक आर.एन विश्वकर्मा ने बताया कि सभी विद्यालयों में कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पायी गयी। जबकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में उपस्थिति 25 से 30 प्रतिशत के बीच पायी गई। इस दौरान प्रधानाचार्यों ने बताया कि बहुत से विद्यार्थी अभिभावकों की सहमति पत्र लेकर नहीं आए थे, अतः उन्हें सहमति पत्र के साथ आने हेतु निर्देशित किया गया है। अभिभावक भी उत्साहित हैं और अपने पाल्यों को विद्यालय भेजने हेतु सहमति जताया है।

# अधिवक्ता परिषद् उप्र इलाहाबाद हाईकोर्ट इकाई का पुनर्गठन

## वीपी श्रीवास्तव अध्यक्ष और अजय मिश्रा महामंत्री मनोनीत

**प्रयागराज।** अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद हाईकोर्ट इकाई का पुनर्गठन सोमवार को किया गया। अधिवक्ता परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष एवं अधिवक्ता रमेश चंद्र सक्सेना ने वरिष्ठ अधिवक्ता वी.पी श्रीवास्तव को हाईकोर्ट इकाई का अध्यक्ष घोषित किया है। जबकि हाईकोर्ट बार एसोशिएशन के उपाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र को महामंत्री मनोनीत किया गया है।

प्रयागराज से मनोज कुमार सिंह, गौरव तिवारी, कुलदीप सिंह चैहान, विजय द्विवेदी, पहल सिंह चैहान, पवन कुमार तिवारी को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है। इकाई में रवीन्द्र नाथ ओझा, आलोक मिश्रा, हरिशंकर रजक, शरद चंद्र सिंह, अविनाश चंद्र श्रीवास्तव, ज्योति कुमार सिंह उपाध्यक्ष नामित किये गए हैं। सत्य प्रकाश सिंह कोषाध्यक्ष एवं मंत्री अतुल शाही, मनोज कुमार, प्रदीप शर्मा, तेजस्वी मिश्रा, सौम्या श्रीवास्तव, साधना सिंह बनाये गए। कार्यकारिणी सदस्य राम अवध सरोज, मुनेश कुमार उपाध्याय, मनोज मिश्रा, राम प्रकाश विश्वकर्मा, शिवमूर्ति कुशवाहा, राजेन्द्र पाल सिंह, संतोष श्रीवास्तव, आशीष मणि त्रिपाठी, सुरेन्द्र नाथ मिश्रा, देवेन्द्र कुमार तिवारी, रमेश पुण्डीर, सुरेश द्विवेदी, पुष्कर मिश्रा, धर्मेन्द्र प्रसाद सिंह, राकेश तिवारी, गौरव गुप्ता, करुणाकर सिंह, चंद्र प्रकाश यादव, श्रवण कुमार सिंह, उत्पल निषाद, पंकज श्रीवास्तव, सुदर्शन सिंह, सुभ्रा सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह यादव, अनीता सिंह, सौरभ शुक्ला, सभाजीत यादव, अनुपम त्रिपाठी, प्रशान्त द्विवेदी, सूर्य प्रकाश मौर्य, मानव चैरसिया, मृगांक शेखर सिंह, तेज ओमप्रकाश गुप्त, मनीषा सिंह, ज्योति बाला, विवेक शुक्ला, विधु प्रकाश पाण्डेय, अनुपम कुलश्रेष्ठ और सुनील शर्मा बनाए गये। इसी तरह केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण में लाल मणि सिंह को संयोजक तथा मनीष कुमार यादव को सह संयोजक नामित किया गया। कर अधिवक्ता संघ में रवि शंकर पाण्डेय को संयोजक और शशांक केसरवानी को सह संयोजक घोषित किया गया। अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अशोक मेहता ने बताया कि वी.पी श्रीवास्तव अधिवक्ता परिषद के गठन 1992 से ही बिना किसी दायित्व के राष्ट्र पुनर्निर्माण में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। राष्ट्रीय मंत्री सत्य प्रकाश राय ने कहा कि अधिवक्ता परिषद राष्ट्रवादी अधिवक्ताओं का विश्व का इकलौता सबसे बड़ा अराजनैतिक संगठन है। जो समाज के अंतिम व्यक्ति



अधिवक्ता परिषद् गठन में उपस्थित पदाधिकारीगण

तक न्याय पहुंचाने की परिकल्पना को लेकर कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि अधिवक्ता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि अधिवक्ता परिषद न्यायपालिका में अच्छे ज्ञानवान न्यायधीश और विद्वान अधिवक्ताओं के निर्माण के लिए भी कार्य करता है। विभाग प्रचारक कृष्ण चंद्र ने कहा कि किसी भी संगठन के कार्य करने के लिए एक मजबूत इकाई का होना आवश्यक है। अधिवक्ता परिषद की वर्तमान इकाई एक नये कीर्तिमान को स्थापित करने की क्षमता रखती है। अतिथि परिचय प्रदेश महामंत्री शीतल ने कराया। कार्यक्रम का संचालन विवेक शर्मा ने किया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी के आमंत्रित सदस्य अरुण कुमार गुप्त, विक्रम शाह सिसोदिया, विवेक शर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शेष मणि मिश्र, अखिलेश मिश्र, रामेश्वर शुक्ल, नरेन्द्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# सात माह बाद पुनः खुले ज्ञान के मन्दिर, बच्चों में दिखा उत्साह

**प्रयागराज।** जनपद के समस्त विद्यालयों में कक्षा नौ से बारह तक की पढ़ाई सोमवार से शुरू हो गयी। सात महीनों से ऑनलाइन पठन-पाठन के बाद आज प्रत्यक्ष रुप से उपस्थित होकर बच्चे बहुत अच्छा महसूस कर रहे थे। विद्यालयों में कोविड-19 के निर्देशों का पूर्णतया पालन करते हुए बच्चे बड़े उल्लास के साथ अध्ययन किये।

रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर में बच्चों के साथ साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं के चेहरे पर भी मुस्कान के साथ-साथ संतोष का भाव झलक रहा था। सात महीनों से ऑनलाइन पठन-पाठन के बाद आज प्रत्यक्ष रुप से उपस्थित होकर बच्चे बहुत अच्छा महसूस कर रहे थे। बच्चों ने संगीताचार्य मनोज गुप्ता के साथ मिलकर युवा कवि श्लेष गौतम का लिखा हुआ गीत ह्लनई सुबह होने को आई फिर स्कूल खुले हैं, हंसी खुशी के रंग बरसे हैं अक्षर फूल खिले हैंह्ल को बड़े उल्लास के साथ प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडेय ने बताया कि आज जब सारे बच्चे विद्यालय में प्रवेश कर रहे थे तो सबकी थर्मल स्कैनिंग, सेनीटाइज करवाना और जिनके पास मास्क नहीं था, उन्हें मास्क प्रदान करना तथा बच्चों के आने के पहले और जाने के बाद पूरे विद्यालय को सैनिटाइज करवाना आदि सुरक्षा का प्रबंध विद्यालय द्वारा किया गया था। आज 9वीं से लेकर 12वीं तक के कुल 442 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर रमेश चंद्र मिश्रा, जटाशंकर तिवारी, शिव नारायण सिंह, कामाख्या प्रसाद दुबे, आनंद कुमार सिंह, अशोक कुमार मौर्य, दिनेश कुमार शुक्ला, सत्य प्रकाश पांडे प्रथम, अवधेश कुमार, वकील प्रसाद, वाचस्पति चैबे, सुनील कुमार गुप्ता, प्रभात कुमार शर्मा, दीपक दयाल, शिवजी राय, शैलेश सिंह यादव, विनय कुमार यादव एवं प्रवीण कुमार तिवारी का सहयोग सराहनीय रहा।

इसी प्रकार खरकौनी नैनी स्थित माधव ज्ञान केन्द्र में प्रशासन व शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कक्षा नवम एवं दशम की कक्षाएं प्रथम पाली में तथा एकादश व द्वादश की द्वितीय पाली में प्रारम्भ हुयी। प्रशासन द्वारा कोविड-19 से सम्बन्धित बचाव हेतु दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए आज आफलाइन शिक्षण प्रारम्भ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार त्रिपाठी द्वारा वन्दना सत्र में शासन द्वारा दिये गये निर्देशों की समस्त जानकारी छात्र-छात्राओं की दी गयी। सभी छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावक द्वारा दिये गये सहमति पत्र को कक्षाचार्य बन्धुओं को देने के पश्चात ही शिक्षण कक्ष में प्रवेश किया। जिन छात्रों ने मास्क नहीं लगाया था, उन्हे विद्यालय में मास्क उपलब्ध कराया गया। समस्त विद्यालय परिवार ने कोविड-19 सम्बन्धी सूचनाओं का पालन स्वयं किया व छात्र-छात्राओं को सूचनाओं का पालन लगातार कराया। छात्र-छात्राओं में पुनः विद्यालय आकर अध्ययन करने को लेकर अत्यन्त प्रसन्नता तथा सकारात्मकता का वातावरण दिखा।

इसी क्रम में सिविल लाइंस स्थित ज्वाला देवी इण्टर कालेज में बच्चों ने प्रवेश किया। प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने बताया कि आज लगभग 200 बच्चों ने कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए विद्यालय में प्रवेश किया। बच्चों की छुट्टी के बाद विद्यालय को पुनः सेनेटाइज कराया गया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के पास मास्क नहीं था उन्हें मास्क दिया गया।





विद्यालयों में अध्ययन करते बच्चे

## उमरे ने विशेष ट्रेनों की संख्या में वृद्धि के साथ कोविड-19 को लेकर प्रयासों को किया तेज

**प्रयागराज।** त्योहारों के दौरान स्टेशनों पर यात्रियों के आगमन में वृद्धि को ध्यान में रखते हुये रेल सुरक्षा बल द्वारा स्टेशनों और ट्रेनों में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया है। इसके अलावा कोविड-19 सम्बंधित दिशा निदेशों का उल्लंघन करने वालों पर रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 145, 153 और 154 के तहत कार्रवाई भी की जा रही है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह के अनुसार 13 अक्टूबर 20 को रेल प्रशासन द्वारा 196 अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियों के संचालन की घोषणा के साथ, कुल 288 विशेष ट्रेनें और 130 त्यौहार स्पेशल जिनमें उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से प्रारम्भ होने वाली बीस जोड़ी प्रारम्भिक विशेष गाड़ियां भी शामिल हैं, का संचालन किया जा रहा है। यात्रियों को कोविड-19 से बचाने के लिये भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कोविड के अनुरुप उचित व्यवहार के अनुपालन में कम लागत और उच्च तीव्रता वाला अभियान ह्लजन आन्दोलनह्व उत्तर मध्य रेलवे में पहले ही शुरू कर दिया गया है। इस अभियान के तहत स्टेशनों, ट्रेनों, कार्यालयों और कॉलोनियों में मास्क के उपयोग, न्यूनतम दो गज की दूरी और नियमित रूप से हाथ धोने जैसे नियमों पर बल दिया जा रहा है। अब तक उत्तर मध्य रेलवे के 106 स्टेशनों और 12 जोड़ी प्रारम्भिक विशेष गाड़ियों में कोविड उपयुक्त 660 से अधिक पोस्टर और बैनर लगाये गये हैं, 80 स्टेशनों पर जागरूकता हेतु स्वचालित उदघोषणा, 09 स्टेशनों पर जागरूकता क्लिप के डिजिटल डिस्प्ले किये जा रहा हैं। इस जागरूकता अभियान के तहत प्रयागराज जंक्शन, मिजार्पुर, कानपुर सेंट्रल, टूंडला, अलीगढ़, झांसी, ग्वालियर, उरई, ललितपुर, बांदा, आगरा कैंट, आगरा किला, मथुरा जंक्शन आदि सहित सभी प्रमुख स्टेशनों और प्राराम्भिक विशेष गाड़ियों सहित उत्तर मध्य रेलवे से गुजरने वाली अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों में नियमित रूप से कोविड-19 सम्बंधित दिशा निदेशों के अनुपालन के लिए रेल सुरक्षा बल कर्मियों द्वारा जांच की जा रही है।

### प्रवक्ता संगीत का परिणाम घोषित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज ने सोमवार की शाम उत्तर प्रदेश विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा के अंतर्गत राजकीय इण्टर कालेजों में प्रवक्ता संगीत के रिक्त चार पदों का परिणाम घोषित कर दिया है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## आत्मरक्षा कार्यशाला का हुआ आयोजन

**नैनी।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज में चल रहे नौ दिवसीय मिशन जनशक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को तीसरे दिन आत्मरक्षा की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो सुननन्दा चतुवेर्दी ने किया। बालिकाओं को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए आयोजन सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को लगातार आयोजित किए जाने का भी समर्थन किया।आयोजन सचिव डॉ भास्कर शुक्ला ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और आत्मबल में वृद्धि के लिए आत्मरक्षा के हुनर को सीखना अत्यंत आवश्यक भी बताया।उक्त कार्यक्रम में किरण मिश्रा और आमिर ने मार्शल आर्ट के विभिन्न पहलुओं का आभासीय मंच पर प्रदर्शन भी किया और विपरीत परिस्थितियों में बालिकाएं स्वयं की मदद कैसे कर सकती हैं इसका भी बेहतरीन प्रस्तुतीकरण किया। ज्ञात हो कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर रेंजर, महिला प्रकोष्ठ तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ₹मिशन जनशक्ति₹ कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ नीतू सिंह ने किया और महिलाओं में आत्मविश्वास की वृद्धि के लिए उनमें आत्मरक्षा से संबंधित ज्ञान को महत्वपूर्ण भी बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य और विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक और छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।

### पेड़ से दबकर मजदूर की मौत

**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के कांपी गांव निवासी कमलेश कुमार पटेल (45वर्ष) पुत्र लाल बहादुर तीन पुत्र और एक पुत्री तथा पत्नी विमला देवी के भरण-पोषण के लिए मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि वर्तमान में गोरखपुर के रहने वाले रेलवे के ठेकेदार के यहां विगत कुछ दिनों से रामबाग रेलवे स्टेशन पर सफाई के काम में लगा हुआ था। बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर रेलवे स्टेशन पर लगे टीनसेड काम में लगा हुआ था। इसी दौरान एक पेड़ उसके ऊपर गिर गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उसके साथी तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले रहे थे कि उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। कर्मचारियों ने रामबाग जीआरपी पुलिस एवं उसके परिजनों को खबर दी। सूचना पर पुलिस एवं उसके परिजनों पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से तहरीर लेकर विधिक कार्रवाई की।

## चोरों ने ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों का माल उड़ाया

**हंडिया।** हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत चौकी क्षेत्र में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। वही बरौत चौकी क्षेत्र में चोरी की घटना दिन पे दिन बढ़ती ही जा रही है। चोरों को न तो पुलिस प्रशासन का भय है। ना किसी अन्य का। वह जहां चाह रहे हैं वहां चोरी का अंजाम दे रहे हैं। इसमें पुलिस प्रशासन भी मौन धारण कर के बैठे हैं। आए दिन चोरियां होती रही है। सूत्रों के मुताबिक रविवार को रात्रि में कई गांव में चोरों ने अपनी चोरी का अंजाम देते जा रहे हैं। बताया जाता है कि बिलारी, टेला गांव में भी चोरों ने अपनी जान की बिना परवाह किए । किसी का भी घर में धावा बोल दे रहे हैं। यहां तक कि



चोरी के बाद बिखरा सामान

प्रशासन का भी खौफ नहीं है। चोरों ने अपने चोरी को अंजाम दिन पर दिन देते जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं जा रही है। वही गांव के लोगों में चोरों की भय से रात को सो नहीं पा रहे हैं। आए दिन किसी न किसी गांव में चोरियां होती जा रही है।